## गृहवधू की लटकती मिली लाश, मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर हत्या का लगाया आरोप

### पुलिस ने मृतका के पति राहुल मंडल और उसके पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया



**आसनसोल।** रानीगंज थाना क्षेत्र में गृहवधू की हत्या के आरोप से हड़कंप मच गया है द्य लड़की की मां ने शिकायत की कि उनकी बेटी के ससुराल में बहुत परेशानी थी द्य आखिरी फोन कॉल शुक्रवार रात 11 बजे आई थी द्य बताया जा रहा है की पति और पत्नी एक ही कमरे में सो रहे थे फिर कोई महिला कमरे की छत पर रस्सी का फंदा लगाकर आत्महत्या कैसे कर सकती है द्य यह बात कुछ समझ नहीं आ रही है द्य यह बात उन्हें काफी सोचने पर मजबूर कर रही है द्य साथ ही उनका दावा है कि मौत घर के दरवाजे पर हुई है । घर का दरवाजा खुला था, फिर उस घर में किसी ने इस घटना को क्यों नहीं देखा । जिससे लड़की की मां चीना मिल्लक और पड़ोसियों सहित उसका परिवार सोचने पर मजबूर हो गई है । शनिवार को मौत की खबर रानीगंज थाने के बल्लभपुर चौकी की पुलिस को मिली और आनन-फानन में शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए रानीगंज थाने ले आयी द्य इस संबंध में मृतक के परिवार के सदस्यों ने लड़की के ससुराल के कई सदस्यों पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज करायी है द्य इस घटना में पुलिस ने मृतका के पति राहुल मंडल और उसके पिता को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है द्य घटना के संबंध में बताया गया कि मोटर मैकेनिक राहुल मंडल ने आसनसोल दक्षिण थाना अंतर्गत डामरा गांव निवासी 28 वर्षीय चैताली से प्रेम विवाह किया था। बाद में, उन्हें एक बेटा हुआ, इस बच्चे के जन्म के बाद उनके दामाद चैताली को विभिन्न तरीकों से प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था द्य एक समय महिला के पिता के घर के लोगों ने पुलिस प्रशासन से संपर्क भी किया था । हालांकि उस वक्त मामला सुलझ गया था। इसके बाद उसकी मां और परिवार के सदस्यों को लड़की के अक्सर झगड़े के बारे में पता चला द्य इस बार उन्हें शनिवार को लड़की के साथ हुई दरिंदगी के बारे में पता चला। सारी बातें सुनकर और देखकर हर कोई हैरान है, सभी संशय में हैं कि आखिर उनकी बेटी ने ऐसी घटना को कैसे अंजाम दिया होगा। लड़की के पिता के घर वाले रानीगंज थाने में उपस्थित हुए और लिखित शिकायत दर्ज करायी और दावा किया कि हत्या के पीछे लड़की के ससुर के घर के लोग शामिल हैं। इस लिखित शिकायत पर शनिवार को पुलिस ने घटना की पूरी जांच शुरू कर दी है । अब जांच में जो सामने आएगा उसके आधार पर ही सही निर्णय लिया जाएगा। हालांकि, लड़की के मायके वालों ने उसके पति और ससुरालवालों को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है । पुलिस प्रशासन सभी मुद्दों पर जांच कर रही है।

## मजदूरों पर आक्रमण के खिलाफ यूनियनों का जोरदार प्रदर्शन



**चित्तरंजन ।** पश्चिम बर्धमान के चित्तरंजन रेलनगरी में चिरेका प्रशासनिक कार्यालय के समक्ष सभी आठ यूनियन और एसोसिएशन ने एकजुट होकर चिरेका प्रशासन के खिलाफ हल्ला बोला। यूनियन प्रतिनिधियों ने एक स्वर में आउटसोर्स बंद कर नयी नियुक्तियां सुनिश्चित करने की मांग की। वहीं, स्टाफ प्रतिनिधियों को बात-बात पर परेशान करना, उन्हें कारण बताओ नोटिस देना, चेतावनी देना यहां तक कि उन्हें निलंबित करना आदि प्रशासन बंद करे। चिरेका स्टील प्लांट को बंद करने की साज़िश पर प्रशासन रोक लगाये। आखिर में, सभी यूनियन प्रतिनिधियों ने एक स्वर में सीमावर्ती झारखण्ड के मिहिजाम स्थित सभी पाकेट गेट को खोल देने की मांग भी की। अपने भाषण में एनएफआईआर के जोनल सचिव एसएन सिंह ने चिरेका प्रशासन को खुली चुनौती देते हुए कहा, अगर चिरेका प्रशासन समय रहते नहीं चेता तो हम सब रेल का चक्का जाम करने से भी नहीं परहेज करेंगे। बताते चलें, आज के इस जोरदार प्रदर्शन को प्रदीप बनर्जी, इंदरजीत सिंह, राजीव गुप्ता, आदि ने संबोधित किया। नेपाल चक्रवर्ती और सुभाष चटर्जी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

## ऑल इंडिया लोको रनिंग स्टॉफ एसोशिएसन का मासिक बैठक का किया गया आयोजन



**आसनसोल।** ऑल इंडिया लोको रिनंग स्टाफ एसोसियन का मासिक बैठक आसनसोल क्रू लॉबी के समाने किया गया। इसकी अध्यक्षता मंडल सचिव अवधेश प्रसाद के द्वारा किया गया है। जिसमे मुख्य विन्दुओं के लेकर चर्चाएं की गईं 1. भीषण गर्मी के बाबजूर भी रिनंग स्टॉक से लॉग आवर्स ड्यूटी कराया जा रहा है जिसे अविलम्ब बंद किया जाए। 2. सीएमएस के द्वारा प्रत्याप्त मात्रा में ओआरएस का पैकेट उपलब्ध नहीं कराया जा रहा है जिस ?के कारण सभी ऑन ड्यूटी रिनंग कर्मचारियों को 2437 ओआरएस नहीं मिल पा रहा है। 3. आसनसोर लॉबी में शुद्ध शीतल पेय जल प्रत्यर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराया जाए। 4. रिनंग कर्मचारियों का ओटी (ओवर टाइम ) भत्ता का नियमति भुगतान किया जाए। 5. सभी रिनंग श्रेणयिों में अविलम्ब प्रमोशन दिया जाए, 6. रिनंग कैटेगरी में रिक्त पदो को अविलम्ब भरा जाए। 7. झाझा रिनंग रूम में ओवर रेस्ट कराना बंद किया जाए। मौके पर सारी जानकारी मंडल सचिव के माध्यम से बताया गया। बैठक मे शाखा अध्यक्ष पीके सिंह, विपिन कुमार, राजीव कुमार, दुर्गा प्रसाद इत्यादि शामिल थे।

## आद्रा मंडल में 6 मई से 12 मई तक साप्ताहिक रोलिंग ब्लॉक के कारण ट्रेनों का विनियमन

**आद्रा।** दिनांक 06.05.2024 (सोमवार) से 12.05.2024 (रविवार) तक की अविध के लिए संयुक्त (इंजीनियरिंग, ट्रैक्शन तथा सिग्नल) साप्ताहिक रॉलिंग ब्लॉक के कारण ट्रेनों का विनियमन आद्रा मंडल में नियोजित किया गया है । परिणामस्वरूप कोचिंग ट्रेनों पर प्रभाव इस प्रकार होगा। रदद् की गई ट्रेन - (1) 08680/08679 (आद्रा-मिदनापुर-आद्रा) मेमू दिनांक-07.05.2024, 10.05.2024 और 12.05.2024को रद्द रहेगी। शॉर्ट-टर्मिनेशन/ शॉर्ट- ओरिजिनेशन (1) 08647/08648 (आद्रा-बाराभूम-आद्रा) दिनांक-07.05.2024, और 09.05.2024 को पुरूलिया में ही शॉर्ट-टर्मिनटेड/ शॉर्ट-ऑरिजिनेटेड होगी। इस दौरान इस ट्रेन की परिसेवा पुरूलिया-बाराभूम-पुरूलिया के मध्य रदद् रहेगी। (2) 03594/03593 (आसनसोल-पुरूलिया-आसनसोल) मेमू दिनांक-09.05.2024 को आद्रा में ही शॉर्ट-टर्मिनटेड/ शॉर्ट-ऑरिजिनेटेड होगी। इस दौरान इस ट्रेन की परिसेवा आद्रा-पुरूलिया-आद्रा के मध्य रदद् रहेगी। मार्ग परिवर्तन- (1) 18601 (टाटा-हटिया) एक्सप्रेस दिनांक-06.05.2024, 08.05.2024 और 10.05.2024 को चांडिल-पुरूलिया-कोटशिला-मुरी के बजाय चांडिल-गूंडा बिहार-मुरी के रास्ते चलेगी। नियंत्रित की गई ट्रेनः-(1) 18184 (बक्सर-टाटा) एक्सप्रेस दिनांक- 07.05.2024 और 09.05.2024 को नियमति समय पर चलने पर खंड में 45 मिनट के लिए नियंत्रित की जा सकती है।

## आसनसोल के भावी सांसद से व्यापारी वर्ग की लगी है विभिन्न अपेक्षाएं : विनोद

**आसनसोल ।** आसनसोल चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा आसनसोल रियल एस्टेट के सचिव विनोद गुप्ता से हमने आने वाले आसनसोल लोकसभा चुनाव को लेकर बातचीत की। हमने जानने की कोशिश की की एक व्यापारी और एक व्यापारिक संगठन के पदाधिकारी होने के नाते वह आसनसोल के भावी सांसद से क्या उम्मीद रखते हैं। इस पर विनोद गुप्ता ने बताया कि वह चाहते हैं कि जो भी व्यक्ति आसनसोल का सांसद बने वह आसनसोल के व्यापारिक माहौल को बेहतर करने की दिशा में सिक्र य भूमिका निभाएं। इसके लिए उन्होंने तीन महत्वपूर्ण बिंदुओं पर प्रकाश डाला। सबसे पहले जिस मुद्दे पर विनोद गुप्ता ने अपनी राय जाहिर की वह है विभिन्न प्रक्रि याओं के सरलीकरण चाहे वह जीएसटी हो या अन्य किसी भी प्रकार के टैक्स की प्रक्रि या के सरलीकरण के लिए विनोद गुप्ता ने अपनी राय व्यक्त की उन्होंने कहा कि इन प्रक्रि याओं के विलंब होने की वजह से अक्सर व्यापारियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने इन प्रक्रि याओं के सरलीकरण की बात कही उन्होंने कहा कि सरकारी विभागों में जो काम करवाए जाते हैं उनमें बेवजह विलंब ना हो क्योंकि इससे जो एकल व्यवसायी है उनको भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। उन्होंने कहा कि उनके पास इतना मैनपॉवर नहीं रहता कि वह अपने व्यापार को किसी विश्वस्त हाथों में सौंप कर सरकारी दफ्तरों के चक्कर काटे ऐसे में सरकारी विभाग में हो रहे विलंब के कारण उनको भारी दिक्कतें पेश आती है विनोद गुप्ता ने इन विलंब को दूर करने का अनुरोध किया। इसके साथ ही उन्होंने एक और मुद्दे की तरफ भावी सांसद का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि आसनसोल और आसपास के क्षेत्र में लघु और मध्यम दर्जे के कई कारखाने हैं। उन्होंने कहा कि जो भी यहां से सांसद बनेगा उनसे उनका अनुरोध है कि वह इन लघु और मध्यम दर्जे के कारखानों के विकास की तरफ ध्यान दें। विनोद गुप्ता ने कहा कि बंगाल में प्राकृतिक संसाधनों की कोई कमी नहीं है ऐसे में यह बहुत जरूरी है कि इन प्राकृतिक संसाधनों का उपयोग करके लघु और मध्यम व्यापार को बढ़ावा दिया जाए।

## होटल में वन्य जीव की हो रही तस्करी की सूचना पर पुलिस ने चार को किया गिरफ्तार

### वन्य जीव टोको की कीमत अंतराष्ट्रीय मार्के ट एक करोड से ऊपर बताई जाती है

**आसनसोल।** आसनसोल साऊथ पुलिस फाडी ने गुप्त सुचना के आधार पर एक बडी कार्रवाई की है, पुलिस ने पुलिस लाईन स्थित एक होटल के रूम संख्या 206 और 207 मे रह रहे चार लोगों को गिरफ्तार किया है, पुलिस को यह सुचना मिली थी की होटल के इन दोनों रूम मे रह रहे चारों लोग मुर्शिदाबाद से आए हैं और इनके पास टोको नाम की एक वन्य जीव है, जिस जीव की ये लोग तस्करी कर रहे हैं, बताया यह भी जा रहा है की यह चारों लोग पिछले चार दिनों से उक्त होटल मे रह रहे थे और होटल के इन दोनों रूम से ही सौदेबाजी का काम कर रहे थे, जिसकी खबर पुलिस को लग गई और पुलिस ने इन चारों व्यक्तियों को गिरफ्तार कर थाने ले गए जहाँ उनसे पूछताछ चल रही है, पुलिस ने बताया की इनके पास से अभी फिलहाल किसी भी तरह का कोई वन्य जीव बरामद नही हुआ है, पूछताछ जारी है जल्द ही मामले मे किसी भी तरह की कोई सफलता मिलने से वह सुचना देगी, जानकारों की अगर माने तो वन्य जीव टोको की कीमत अंतराष्ट्रीय मार्के ट एक करोड से ऊपर बताई जाती है, जिसकी ज्यादातर डिमांड चाइना सहित कई अन्य देशों मे सबसे ज्यादा है।

## माकपा उम्मीदवार के समर्थन में पश्चिम बर्दवान जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की चुनावी सभा



**आसनसोल ।** पश्चिम बर्दवान जिला कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग की ओर से इंडिया गठबंधन के साथ कांग्रेस समिर्थत सीपीएम उम्मीदवार जहांआरा खान के समर्थन में ओके रोड, ऑटो स्टैंड में एक सभा की गई।जिसमें अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमैन मोहम्मद शाकिर ने कहा कि केंद्र में बीजेपी और राज्य में टीएमसी है, ये दोनो मिलकर पूरे देश और राज्य की जनता को लूट रही है, महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, बढ़ते जा रही है, लेकिन आज गरीबों का हाल लेने वाला कोई नहीं है। वर्ष 2022 के आसनसोल लोकसभा के उपचुनाव में टीएमसी के उम्मीदवार शत्रुघ्न सिन्हा की जीत हुई। लेकिन इस 2 साल में आसनसोल के लिए कोई भी काम नहीं किया, इसलिए मोहम्मद शकीर ने कहा आसनसोल के विकास और आम जनता की आवाज को गठबंधन के उम्मीदवार जहांआरा खान ही सिर्फ संसद में उठा सकती हैं, इसलिए आने वाले 13 मई को गठबंधन के उम्मीदवार जहांआरा खान को वोट देकर बिजय बनाएं। मौके पर दक्षिण ब्लॉक अध्यक्ष शाह आलम खान, एडवोकेट एजाज अहमद, महासचिव, डब्ल्यूबीपीसीसी अल्पसंख्यक विभाग, दक्षिण ब्लॉक कार्यकारी अध्यक्ष, राजू दत्ता, मोहम्मद सलाहुद्दीन, राशिद खान, मोहम्मद शाहिद, मोहम्मद मुमताज अहमद, महासचिव पीबीडीसीसी अल्पसंख्यक विभाग, मोहम्मद मिनहाज, कौसर हुसैन, शहनाज परवीन, एज़ाज़ अहमद सहित अन्य उपस्थित थे।

### दामोदर नदी से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**कुल्टी।** शनिवार सुबह डिसरगढ़ के किलबर्न फिल्टर प्लांट के सामने दामोदर नदी में स्थानीय लोगों ने एक व्यक्ति का शव देखा गया। सूचना मिलने के बाद कुल्टी थाने की पुलिस पुरु लिया जिले के नितुरिया थाने की पुलिस के साथ पहुंची, क्योंकि दामोदर नदी पुरु लिया जिले के अंतर्गत है। सुचना के बाद नितुरिया थाने की पुलिस आई और शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए पुरु लिया जिला अस्पताल भेज दिया।

### हावड़ा और इंदौर के बीच चलेगी ग्रीष्मकालीन स्पेशल ट्रेन

**आसनसोल।** गर्मी के मौसम में यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ से निपटने के लिए रेलवे ने हावड़ा और इंदौर के बीच समर स्पेशल ट्रेनें चलाने का फैसला किया है। 09336 हावड़ा-इंदौर समर स्पेशल हावड़ा से दिनांक 05.05.2024 को (01 ट्रिप) 09:35 बजे रवाना होगी और अगले दिन 17:00 बजे इंदौर पहुंचेगी।

## स्मरणोत्सव में तीन हत्याएं, एथोरा में गठबंधन पर संदेह, दहशत

सालानपुर । पश्चिम बर्दवान के सालानपुर के एथोरा गांव में जब भी चुनाव होता है तो वहां के निवासियों के चेहरे पर 5 जुलाई 1969 की घटना याद आ जाती है। मालूम हो कि साढ़े पांच दशक पहले उस दिन दोपहर को हाई स्कूल मैदान में विद्यार्थी परिषद की स्टाफ मीटिंग चल रही थी। अचानक हथियारबंद एक समूह ने वहां हमला कर दिया। कई स्थानीय बुजुर्गों ने आरोप लगाया कि हमले का नेतृत्व कुछ स्थानीय सीपीएम समर्थकों ने किया था। बदमाशों द्वारा चाकू मारे जाने से छात्र परिषद नेता भवानीप्रसाद शर्मा की मौके पर ही मौत हो गई। इलाके में सीपीएम कार्यकर्ता के रूप में जाने जाने वाले पल्टा एथोरा हाई स्कूल के पूर्व शिक्षक ब्रजेंद्रनाथ तापदार की कथित तौर पर पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। फिर भी बवाल नहीं रु का। गांव के कांग्रेस कार्यकर्ता माने जाने वाले इथोरा हाई स्कूल के हेडमास्टर सत्येन्द्रनाथ सिंह के आवास पर हमला किया गया। परिवार के सामने हेड टीचर की हत्या कर दी गई। कुछ ही घंटों में तीन हत्याओं से गांव रक्तरंजित हो गया। भवानीप्रसाद के भाई आनंदगोपाल शर्मा अभी भी गाँव में रहते हैं। उन्होंने कहा, ''मैं उस दुखद घटना को नहीं भूल सकता। हमले को रोकने के प्रयास में भाई की मौत हो गयी। सत्येन्द्रनाथ के बेटे सोमनाथ सिंह ने कहा, ''मेरी आंखों के सामने पिताजी की हत्या कर दी गयी। बदमाशों की वो खुशी मैं आज भी नहीं भूला हूं।''दोनों पार्टियों के समर्थक गांव में आकर वामपंथी उम्मीदवार के समर्थन में वोट मांग रहे हैं। देबाशीष चट्टोपाध्याय अपने दोस्त को बचाने के लिए दौड़े लेकिन उसे बचा नहीं सके। उन्होंने कहा, ''मैं कांग्रेस का कट्टर समर्थक हूं।

## आद्रा मंडल में 2 नार्मल हाइट सबवे के निर्माण को 8:15 घंटे का ट्रेफिक-सह-पावर ब्लॉक के कारण ट्रेनों का विनियमन

**आसनसोल।** आद्रा मंडल के कोटाशिला-राजाबेरा खंड के कोटाशिला-पुनदाग (अप तथा डाउन) के बीच स्ट गेट संख्या-स्क्र25 (किमी-382/15-17) और स्क्र 26( किमी-383/5-7) पर 2 नार्मल हाइट सबवे के निर्माण हेतु 8घंटे 15 मिनट (प्रातः 09:00 बजे से संध्या 17:15 बजे तक) का ट्रेफिक-सह-पावर ब्लॉकदिनांक 05.05.2024 (रविवार) को लिया गया है। इस ट्रेफिक-सह-पावर ब्लॉक के कारण ट्रेनों का विनियमन आद्रा मंडल में नियोजित किया गया है।परिणामस्वरूप कोचिंग ट्रेनों पर प्रभाव इस प्रकार होगा। रदद् की गई ट्रेन -(1) 08695/08696 (बोकारो-रांची-बोकारो) पैसेंजर स्पेशल दिनांक-05.05.2024 को रद्द रहेगी। (2) 18019/18020 (झाड़ग्राम-धनबाद-झाड़ग्राम) मेमू एक्सप्रेस दिनांक-05.05.2024 को रद्द रहेगी। (3)13503/13504 (बर्द्धमान-हटिया-बर्द्धमान) मेमू एक्सप्रेस दिनांक-05.05.2024 को रद्द रहेगी। शॉर्ट- टर्मिनेशन/ शॉर्ट- ओरिजिनेशन- (1) 12365/12366 (पटना-रांची-पटना) जन शताब्दी एक्सप्रेस दिनांक-05.05.2024 को बोकारो में ही शॉर्ट-टर्मिनटेड/ शॉर्ट-ऑरिजिनेटेड होगी। इस दौरान इस ट्रेन की परिसेवा बोकारो-रांची-बोकारो के मध्य रदद् रहेगी। (2) 13319/13320 (दुमका-रांची-दुमका) एक्सप्रेस दिनांक-05.05.2024 को बोकारो में ही शॉर्ट-टर्मिनटेड/ शॉर्ट-ऑरिजिनेटेड होगी। इस दौरान इस ट्रेन की परिसेवा बोकारो-रांची-बोकारो के मध्य रदद् रहेगी। मार्ग परिवर्तन- (1) 12818 (आनंद विहार-हटिया) एक्सप्रेस दिनांक- 04.05.2024 को दीनदयाल-गया-गोमो-बोकारो- मुरी के बजाय चुनार-चोपन-गरवा रोड-टोरी-बरकाकाना-मुरी के रास्ते चलेगी। (2)13351 (धनबाद-अल्लापुजा) एक्सप्रेस दिनांक- 05.05.2024 को चंद्रपुरा-बोकारो- मुरी के बजाय चंद्रपुरा-गोमिया-बरकाकाना-मुरी के रास्ते चलेगी। (3) 12801/12802 (पूरी-नई दिल्ली-पूरी) पुरषोत्तम एक्सप्रेस दिनांक- 04.05.2024 को पुरूलिया-बोकारो-चंद्रपुरा-गोमो के बजाय पुरूलिया-अनारा-भोजुडीह-गोमो के रास्ते चलेगी।

## दिव्यांगों और महिलाओं को स्वावलंबी बनाने के लिए सामाजिक संस्था ने किया कार्यक्रम



**बर्नपुर ।** सामाजिक संस्था हमारा संकल्प की तरफ से पिछले कई वर्षों से लगातार बाल शिक्षा को लेकर काम किया जा रहा है। अब इस संगठन ने अपने दायरे को और बढ़ाते हुए अब महिलाओं और दिव्यांगों के लिए कौशल विकास और रोजगार सृजन की दिशा में कार्य करने का फैसला लिया है इसका मकसद महिलाओं और दिव्यांगों को स्वावलंबी बनाना है, ताकि वह अपने परिवार को आर्थिक रूप से और सशक्त कर सकें। इस अभियान का उद्घाटन हमारा संकल्प नमक सामाजिक संस्था के अध्यक्ष और कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन सुभाष अग्रवाल द्वारा किया गया। इस मौके पर उनके अलावा सतीश सिन्हा उत्पल सेन कार्यकारी अध्यक्ष पवन गुटगुटिया संगठन की महिला अध्यक्ष मुनमुन राय के अलावा संगठन के अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित थे।कार्यक्र म का आयोजन हमारा संकल्प के बर्नपुर स्थित कार्यालय में किया गया। इस अभियान के तहत पहले 30 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त करेंगी। आपको बता दें कि संगठन द्वारा इस कौशल विकास अभियान की देखरेख मऊ दास ज्योति बाला और ललिता प्रसाद करेंगी। इस मौके पर अजय कुमार सिंह ने कहा कि हमारा संकल्प दिव्यांग महिलाओं और समाज के अन्य वंचित वर्ग को स्वावलंबी बनाने के प्रति कृत संकल्प है इसी सोच को ध्यान में रखते हुए कौशल विकास और प्रशिक्षण कार्यक्र म शुरू किया गया है। कार्यक्र म के दौरान अंग्रेजी शिक्षक हिंदू भूषण झा को सुभाष अग्रवाल ने एनजीओ की मानद सदस्यता से सम्मानित किया सुभाष अग्रवाल ने कहा कि संगठन की तरफ से कौशल विकास यह पहला कदम है और इसका अगला कदम रोजगार सृजन होगा कार्यक्र म के सफल संचालन में अजय वर्मा, सीता प्रसाद, वैजयंती प्रसाद, दोलन पाल, विक्र म पासवान, सागर प्रसाद की अहम भूमिका रही।

# उमाशंकर चौहान के हत्या की पुलिस ने सुलझाई गुत्थी

## रुपए की हेरा-फेरी के कारण चौहान को ही मार देने का प्लान बनाया

**कुल्टी।** कुल्टी थाना अन्तर्गत चिनाकुडी बाजार इलाके में उमाशंकर चौहान के हत्या के आरोप में पुलिस बीते 10 दिन पूर्व दो युवक दीप बाउरी , शिवनाथ रजक गिरफ्तार किया था। जिसे कोट मे पेस कर 10 दिन का रिमांड में लिया था। रिमांड के दौरान पूछ ताछ करते हुए मर्डर की गुत्थी सुलझा लेने की बात कहीं हैं। मास्टर माइंड सहीत दो आरोपीयो को पकड़ने के लिए छापा मारी की जा रही है। पुलिस द्वारा हत्यारे (सूटर) दीप बाउरी के कहे अनुसार उसके घर से 7 एमएम का एक पिस्टल ओर कुछ गोलीया भी बरामद की बरामद की हैं। साथी पुलिस द्वारा हत्या की जगह ले जा कर पूरे घटाना का रिव्यू करवा कर कैमरे में कैद किया। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार शिवनाथ रजक उमा शंकर के यहां काम करता था। इस पुरे घटना का मास्टर माइंड मृतक चौहान के माइक्रो फाइनेंस के मैनेजर ओर चौहान का सबसे बिस्वासी अविनाश यादव को बताया जा रहा है। अविनाश ने ही पूरे हत्या का खेल रचा था। इसके साथ इसी कंपनी के कर्मचारी शिवनाथ रजक, ओर राहुल बाउरी जो कंपनी मे कंप्यूटर डाटा ऑपरेटर के रुप में कार्यरत था। अविनाश चौहान का काफी करीबी ओर बिस्वासी होने के कारण कंपनी का सारा कार्य वही संभालता था इसी बीच मृतक कई कारणों से प्राय बाहर रहा करता था। इस मौके का फायदा उठाकर अविनाश द्वारा कंपनी में काफी रुपए की हेरा फेरी की रुपए का रकम काफी बड़ा होने के कारण जिसकी भनक चौहान ना हो तीनों कर्मचारियों ने श्री चौहान को ही मार देने का प्लान बनाया। इनलोगो ने दीप बाउरी से सम्पर्क



साध उसे सुपारी दी साथ ही कंपनी मे एक अच्छा नौकरी देने का वादा भी किया। इसी दौरान उमाशंकर ईलाज हेतू चेन्नई गया इन लोगो ने अपना प्लान पूर्ण रूप से बना रखा था बस उसका चिनाकुडी पहुंचने का इंतजार ये लोग कर रहे थे। इसी दौरान दीप ने उसी रिवाल्वर से फायरिंग प्रेक्टिस भी टहरम चार नम्बर के जंगलों में किया, ओर घटना स्थल का रेकी भी कई बार किया वेल्लोर से चौहान के आने की सूचना अविनाश ने सभी को दीया प्लान के अनुसर दीप मुंह में गमछा लपेट कर पहुंचा पैसे जमा की बात करने के दौरान बैग से पिस्टल निकाल उमाशंकर को मौत के घाट उतार दिया प्लान अनुसर फरार हों गया। पुलिस द्वारा शिवनाथ रजक को गिरफ़्तार करते हुए उसी रात दीप को गिरफ़्तार कर लिया। दोनो को रिमांड में लेने के बाद गुत्थी सुलझती चली गई। साथ ही पुलिस को कुछ सबूत ओर गवाह हात लगे। हत्या मे उपयोग किया पिस्टल भी बरामद कर लिया गया। शनिवार को कोट का रिमांड समाप्त होने पर दीप बाउरी ओर शिवनाथ रजक को कोट में पेस कर जेल भेज दिया गया। वही मुख्य आरोपों अविनाश यादव और राहुल बाउरी को पकड़ने के लिए छपा मारी की जा रही है। मालूम हो कि मृतक श्री चौहान माइकरो फाइनेंस कंपनी ( चिट फंड कमिटी ) चलाता था साथ ही उसका सुध का धंधा भी चलाता था। उमा शंकर चौहान को कुछ अपराधियों ने गोली उसके कार्यलय मे ही मार दिया कार्यालय में गिर पड़ा। उमा शंकर चौहान चिनाकुडी मे रेल लाईन के समीप एक चिट फंड माइकरो फाइनेंस कंपनी बना कर चलाने लगा था। विगत साढे 11 बजे के करीब एक युवक अपने मुह पर गमछा बाँधकर कंधे पर एक बैग लटकाए हुए उमाशंकर के कार्यलय पहुंचा , उसने एक राहुल पासवान नाम के किसी एजेंट का नाम लेकर पैसा जमा करने की बात की इसी दौरान अपने बैग से पिस्टल निकाला और तबातोड फायरिंग शुरू कर दी। जिससे कार्यालय मे भगदड मच गई इसी बिच वह सक्स उमाशंकर चौहान को निशाना मे ले कर चार गोली मारकर बहुत ही आसानि ने फरार हो गया। अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस कमिश्नर द्वारा इन हथियारों को पकड़ने के लिए कुल्टी थाना ओर डीडी की दो टीम का गठन किया था।

# आरपीएफ ने यात्री का खोया बैग बरामद कर लौटाया



**बराकर ।** आसनसोल रेल मंडल के बराकर आर पी एफ ने यात्री के ट्रेन मे छूटे हुए बैग को बरामत कर अप्रेशन अमानत के तहत लौटाया । इस संबंध मे बराकर आर पी एफ थाना के निरीक्षक प्रभारी पीयूष कांति साहा ने शनिवार को बताया की दिनांक शुक्रवार को लगभग 8 बजकर 50 मिनट पर एससीएनएल/एएसएन से ट्रेन संख्या 13152 डाउन कोच संख्या एस-6 में नारंगी, काले रंग का पिट्ठू बैग छूट जाने के संबंध में 139 शिकायत मिला । जिसे बराकर के आर पी एफ अधिकारी और कर्मचारियों को बताया गया । इसके बाद उक्त ट्रेन के बराकर स्टेशन पर पहुंचने पर ट्रेन के अंदर गहन तलाशी ली गई और ट्रेन के डिब्बे से उक्त पिट्ठू बैग बरामद करने में सफलता मिली । इसके बाद मामले की जानकारी एससीएनएल एएसएन और शिकायतकर्ता को दी गई। शनिवार को शिकायतकर्ता राहुल यादव बराकर पोस्ट में आया और उसका नारंगी-काला रंग का पिट्ठू बैग उचित पहचान और दस्तावेजीकरण के बाद उसे सौंप दिया गया । बैग प्राप्त होने पर यात्री श्री यादव ने आर पी एफ की भूरी भूरी प्रशंसा की ।

# श्मशान घाट में अवैध दखल के प्रतिवाद में ग्रामीणों ने की सभा

**जामुड़िया ।** बीते 2 मई को तपसी ग्राम पंचायत एवं आमरासोता ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगों ने स्थानीय श्मशान घाट में अवैध दखल का आरोप लगाते हुए शुक्र वार को प्रदर्शन किया था.शनिवार को इसी विषय को लेकर एक सभा कर कमेटी बनाने की बात कही गई . शमशान घाट की पास एक सभा भी की गई जिसमें बड़ी संख्या में आसपास के इलाके के लोग इकट्ठा हुए. इस दौरान इलाके के कुछ विशेष समाज सेवी लोगों ने अपना विचार लोगों के सामने रखा. इस बारे में इलाके के समाज सेवी अजित कोड़ा ने बताया कि यहां पर यह शमशान सैकडो साल पुराना है, लेकिन उनको पता चला कि कुछ लोग इस शमशान पर कब्जा करने की कोशिश कर रहे हैं यहां पर राख डाल रहे हैं, पेड़ों की कटाई कर रहे हैं और इस तरह से शमशान की जमीन को हड़पने की कोशिश की



जा रही है. यह सारा काम रात के अंधेरे में किया जा रहा है. इलाके के लोगों ने रात में ही आकर इसका विरोध किया था उसके बाद यह तय किया गया था कि 4 तारीख को यहां पर एक विशाल जनसभा का आयोजन किया जाएगा, जिसके जरिए लोगों को इस शमशान पर चल रहे अवैध कब्जे के प्रयास के बारे में बताया जाएगा. इस के प्रतिवाद में आज यहां पर यह सभा की जा रही है. उन्होंने कहा कि उन्होंने बताया कि आज इलाके के लोग गांव के शमशान को बचाने के लिए यहां पर इकट्ठा हुए हैं और किसी भी तरीके से इस शमशान को बचाया जाएगा. वहीं स्थानीय निवासी राजू मुखर्जी ने भी कहा कि कुछ जमीन माफिया इलाके के शमशान को हथियाना की कोशिश कर रहे हैं. यह शमशान हजारों साल पुराना है इनका साफ कहना है कि यहां के लोग इस शमशान को बचाने के लिए किसी भी हद तक जा सकते हैं .स्थानीय निवासी राजू मुखर्जी ने कहा कि जो व्यक्ति इस शमशान को हथियाने की कोशिश कर रहा है उसे गांव वालों द्वारा बता दिया गया था कि वह शमशान को छोड़कर अपना काम करें, आश्वासन दिया था की श्मशान के विकास के लिए कार्य किये जायेंगे, उनके आश्वासन पर इलाके के युवकों द्वारा एक ट्रक ईंट का भी इंतजाम किया गया था, लेकिन अब जब उसे फोन किया जा रहा है तो वह फोन नहीं उठा रहा है उन्होंने साफ कहा कि इस शमशान पर किसी भी कीमत पर कब्जा नहीं होने दिया जाएगा।

# तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में कोयला खदान श्रमिक कांग्रेस ने की सभा

**आसनसोल ।** आसनसोल लोकसभा क्षेत्र का चुनाव 13 मई को होगा। लोकसभा चुनाव को लेकर हर राजनीतिक दल प्रचार कर रहा है। इसी कडी में कोयला खदान श्रिमक कांग्रेस ने तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में आसनसोल के रवीन्द्र भवन में एक चुनावी सभा का आयोजन किया। जहां तृणमूल प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा, राज्य श्रम व कानून मंत्री मलय घटक, पश्चिम बर्दवान जिला तृणमूल कांग्रेस अध्यक्ष व पांडेश्वर के विधायक नरेंद्रनाथ चक्र वर्ती, जामुडिया के विधायक व केकेएससी के महासचिव हरेराम सिंह समेत कोयला खदान श्रिमक कांग्रेस के कई सदस्य उपस्थित थे। इस सभा के जरिए शत्रुघ्न सिन्हा




को लोकसभा चुनाव में भारी मतों से जीतने की अपील की गई। सभा को संबोधित करते हुए तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। साथ ही उन्होंने इस बात का भी खुलासा किया कि आखिर उन्होंने क्यों बीजेपी से अपना नाता तोड़ा था। शत्रुघ्न सिन्हा ने कहा कि लगभग 25 से 30 वर्षों तक हुए भाजपा छोड़कर कहीं नहीं गए थे। लेकिन जब पानी सिर के ऊपर चला गया और पार्टी के भीतर तानाशाही बढ़ गई तब उन्हें मजबूर होना पड़ा। उन्होंने प्रधानमंत्री पर हमला बोलते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी दुनिया के इकलौते ऐसे प्रधानमंत्री है जिन्होंने पिछले 10 वर्षों में एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं किया है। वही मंत्री मलय घटक ने भी केंद्र की भाजपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा को ना तो आम आदमी की फिक्र है और ना ही देश के किसानों और युवाओं की। क्योंकि केंद्र सरकार ने एक तरफ जहां हीरा को टैक्स फ्री कर रखा है वही चावल पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगा रखा है। इतना ही नहीं केंद्र सरकार एक के बाद एक सरकारी कंपनियों का निजीकरण कर रही है।

# बैंक ऑफ़ बड़ौदा के एटीएम में शॉर्ट सर्किट की वजह से लगी आग

**रानीगंज।** रानीगंज के स्कूल मोड इलाके में स्तिथ बैंक ऑफ़ बड़ौदा के एटीएम में शॉर्ट सिर्क ट की वजह से आग लग गई .इस घटना में किसी को नुकसान तो नहीं पहुंचा वहीं दमकल गर्मियों के तत्परता से आग पर तुरंत काबु पा लिया गया. इस बारे में एटीएम के प्रहरी विश्वरूप धीवर ने कहा कि सुबह 9:15 के आसपास एटीएम में आग लग गई, जैसे ही आग लगी. दमकल को खबर दी गई. दमकल की टीम 10 मिनट के अंदर पहुंच गई और आग पर काबू पा लिया .उन्होंने कहा की कोई नुकसान नहीं हुआ. इस बारे में दमकल गर्मी ने बताया कि जैसे ही उनको यहां पर आग लगने की सूचना मिली वह अपनी टीम के साथ यहां पर पहुंच गए और बहुत



जल्द आग पर काबु पा लिया, उन्होंने कहा कि ऐसा घटना में कोई हताहत नहीं हुआ किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ

# इंडिया गठबंधन की प्रत्यासी जहांआरा खान के समर्थन में चुनावी सभा



**आसनसोल ।** आसनसोल नगर निगम के 45 नंबर वार्ड अंतर्गत शिव मंदिर के निकट इंडिया गठबंधन की तरफ से उनके प्रत्याशी जहांआरा खान के समर्थन में गुरु वार रात एक चुनावी सभा की गई। इस चुनावी सभा को वामपंथी नेता कौस्तुभ चटर्जी ने संबोधित किया। इस मौके पर उन्होंने केंद्र और राज्य दोनों की सरकारों तथा भारतीय जनता पार्टी और तृणमूल कांग्रेस का जमकर विरोध किया और कहा कि इन दोनों सरकारों की नीतियों की वजह से आज देश और इस राज्य की जनता कठिन परिस्थितियों का सामना कर रही है। इस मौके पर वामपंथी नेता पार्थ मुखर्जी, मैत्री दास, सत्यजीत चटर्जी सहित अन्य वामपंथी नेता और कार्यकर्ता तथा कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# भाजपा के केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल पहुंचे बराकर, भव्य स्वागत

## बंगाल के चुनाव में मारवाड़ी समाज की अहम भूमिका होती है । उन्होंने केंद्र में भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लागु की गई योजनाओं के बारे में जानकारी दी

**बराकर ।** बराकर शहर के कल्याणेश्वरी रोड स्थित श्री अग्रसेन भवन के सभागार में भाजपा के केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने शुक्र वार देर शाम को एक सामाजिक बैठक किया । इस अवसर पर मारवाड़ी समाज के लोगों तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों ने कुल्टी के भाजपा विधायक डॉ अजय कुमार पोद्दार के नेतृत्व मे केंद्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल जी का भव्य स्वागत किया ।केंद्रीय कानून मंत्री श्री मेघवाल ने लोगो को संबोधित किया । इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री का चुनाव है और उन्होंने किसी को टिकट देकर यहां भेजा है । जिसके जीतने पर प्रधानमंत्री के हाथ मजबूत बनेंगे इस पर भी सभी लोगों को ध्यान देना है । उन्होंने कहा कि विपक्ष का प्रधानमंत्री कौन बनेगा यह किसी को पता ही नही है । उन्होंने कहा की इस देश ने ठाण लिया है कि हम विकसित होकर ही



रहेंगे और नरेंद्र मोदी के कालखंड में देश विकसित हुआ है । उन्होंने बताया कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में रामेश्वरम मंदिर ठीक होता है काशी भव्य बनता है । उज्जैन का कोरिडोर बनता है और 22 जनवरी को प्रभु श्री राम लाल अपने गर्भ गृह में विराजमान होते हैं । जो 500 वर्ष का इतिहास है । उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि इसी देश में प्रभु श्री राम का प्रमाण पत्र मांगा गया ।जिसको जनता कभी भूल नहीं पाएगी और प्रमाण पत्र मांगने वाले को इसका मुंहतोड़ जवाब देगी । उन्होंने कहा की जिन्होंने श्री राम के अस्तित्व को नकारा है । उन्हें जनता इस चुनाव में नकार देगी । उन्होंने कहा कि बंगाल के चुनाव में मारवाडी समाज की अहम भूमिका होती है । उन्होंने केंद्र में भाजपा सरकार व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से लागु की गई योजनाओं के बारे में जानकारी दी । उन्होंने कहा कि तीसरा चुनाव में भी नरेंद्र मोदी का प्रधानमंत्री बनना तय है । बंगाल में गठजोड़ फेल हो चुका है । तृणमूल कांग्रेस अकेले चुनाव लड रही है । बंगाल में तृणमूल सरकार तुष्टीकरण की राजनीति करती है । महिला मुख्यमंत्री के रहते हुये बंगाल में महिलाओं पर अत्याचार किया जा रहा है और सरकार मूकदर्शक बनी हुयी है ।वही कुल्टी के भाजपा विधायक डॉ.अजय कुमार पोद्दार ने कहा कि इस लोकसभा चुनाव में भाजपा बंगाल में लगभग 30 सीटों पर जीत हासिल करेगी । केंद्र सरकार की योजना को बंगाल की तृणमूल सरकार ने लागु नही किया है । इन योजनाओं के लाभ से वंचित लोगों ने भाजपा को जीत दिलाने का मन बना लिया है । सभा का सफल संचालन नवीन पोद्दार ने किया । इस अवसर पर बराकर चेम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष शिव कुमार अग्रवाल,बराकर के समाजसेवी शंकर शर्मा एवं कुल्टी के मारवाडी समाज के संरक्षक राजेन्द्र पोद्दार ,रमेश जैन , सहित भारी संख्या में मारवाडी समाज के लोग उपस्थित थे ।

# तृणमूल कांग्रेस का झंडा- बैनर फाड़ा, बीजेपी पर लगा आरोप

**दुर्गापुर ।** चुनाव सामने आने के साथ ही राजनीतिक पारा भी चढ़ रहा है, आरोप झ प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया। अब तृणमूल के झंडे फाड़ने का आरोप बीजेपी पर लगा है । दुर्गापुर में वार्ड संख्या दो के शोभापुर इलाके में घटना से तनाव फैल गया है। हालांकि भाजपा आरोपों को बेबुनियाद बता रही है। तृणमूल कार्यकर्ताओं का आरोप है कि रात के अंधेरे में भाजपा के उपद्रवियों ने बदर्वान दुर्गापुर के तृणमूल प्रत्याशी कीर्ति आजाद के समर्थन में लगाए गए बैनर और झंडों को फाड़कर सड़क पर फेंक दिया। शुक्रवार रात को मामला सामने आने के बाद उच्च नेतृत्व को भी अवगत कराया गया। भाजपा क्षेत्र-क्षेत्र में आतंक फैलाने की कोशिश कर रही है. जीत न



पाने के डर से तृणमूल झंडा बैनर फाड़कर दहशत का माहौल फैलाने की कोशिश कर रही है. उन्होंने मामले की जानकारी दुर्गापुर पुलिस को दी.तृणमूल कार्यकर्ता हरिहर मंडल ने कहा, आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाना चाहिए. उन्होंने सख्त कारर्वाई की भी मांग की। हालांकि, बीजेपी नेतृत्व ने कहा, यह सब तृणमूल की आपसी गुटबाजी है। अपनी गलतियों को छुपाने के लिए दोष बीजेपी के कंधों पर डाला जा रहा है।

## भाजपा ने बंगाल को बदनाम करने के लिए संदेशखाली की स्क्रिप्ट लिखीः ममता

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनजी ने शनिवार को भाजपा पर संदेशखली घटना की पटकथा लिखने का आरोप लगाया। उन्होंने सवाल किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राज्यपाल सी. वी. आनंद बोस पर एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न का आरोप लगाने के मुद्दे पर चुप क्यों हैं। नदिया के तेहट में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनजी ने कहा कि संदेशखली की पूरी घटना पूर्व नियोजित थी। भाजपा ने इसकी अच्छी पटकथा लिखी थी। सच्चाई सामने



आ गई है। मैं यह लंबे समय से कह रही हूं। बनजी ने कहा कि मैंने पूरा वीडियो नहीं देखा है। मैं इसे जरूर देखूंगी। उल्लेखनीय है कि शनिवार को, तृणमूल ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो जारी किया, जिसमें दावा किया गया कि संदेशखाली प्रकरण लोकसभा चुनावों से पहले पश्चिम बंगाल को बदनाम करने की भाजपा की साजिश है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने संदेशखाली के बारे में संदेश दिए, लेकिन केंद्र के नेता, राज्यपाल के यौन उत्पीड़न के मुद्दे पर चुप रहे।

# तृणमूल के दो गुटों में झड़प गोलीबारी से इलाके में दहशत

मुर्शिदाबाद। मुशिर्दाबाद जिले के दियारा मल्लिकपुर गांव में तृणमूल के दो गुटों में झड़प हो गई। इस दौरान फायरिंग की गई जिससे इलाके में दहशत का माहौल बन गया। सूत्रों के अनुसार, इलाके में तृणमूल कांग्रेस की क्षेत्रीय अध्यक्ष और ग्राम पंचायत समिति सदस्य जीता खातून और उनके समथर्कों के बीच विवाद हो गया। देखते ही देखते विवाद इस हद तक बढ़ गया कि मारपीट की स्थिति बन गई। आरोप है कि झड़प के बीच एक युवक ने पिस्तौल निकाली और ताबड़तोड़ दो राउंड फायरिंग कर दी। इस घटना पर चुनाव आयोग ने रिपोर्ट तलब की है। घटना के बारे में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष ने तृणमूल के क्षेत्रीय अध्यक्ष अल्तमस कबीर पर हमले का आरोप लगाया है। हालांकि तृणमूल नेतृत्व ने गोलीबारी की घटना से इनकार करते हुए घटना को पारिवारिक विवाद बताया है। खड़ग्राम थाने की




पुलिस मौके पर पहुंची और मामले का जायजा लिया। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

## सौलिड फ्लाइ एस स्टोरेज मे जोरदार धमाका, अफरा तफरी का माहौल

**आसनसोल।** पश्चिम बंगाल आसनसोल न्यू टाउन के सीआईएसएफ कलॉनी इलाके मे स्थित एक गैर सरकारी सौलिड फ्लाइ एस स्टोरेज मे जोरदार धमाका होने के बाद पुरे इलाके मे हड़कंप और अफरा -तफरी का माहौल छा गया, धमाके से निकली आग की चिंगारीयों ने स्टोरेज मे रखे भारी संख्या मे रखे रबर के रोल व टायर को अपने चपेट मे ले लिया, वहीं आग पर काबू पाने के लिए मौके पर पहुँची दमकल की तीन इंजनों ने काफी मुश्किलों के बाद आग पर काबू पाया, वहीं बताया जा रहा है की उक्त स्टोरेज मे दो गैस सिलेंडर फटा था जिस कारण स्टोरेज मे आग लग गई, किस्मत अच्छी थी की जिस जगह पर सिलेंडर ब्लास्ट हुआ उस वक्त मौके पर स्टोरेज मे काम करने वाले मजदूर मौके पर नही थे वह स्टोरेज के इर्द गिर्द अपने कार्य मे जुटे थे जिस कारण स्टोरेज मे कार्य करने वाले मजदूर इस हादसे के चपेट मे आने से बच गए, हम बताते चलें की इस स्टोरेज मे बणर्पुर इसको स्टील प्लांट के डस्ट इस स्टोरेज मे जमा किया जाता है और यहाँ से इस डस्ट को विभिन्न फैक्ट्रीयों सफलाई किया जाता है, बताया यह भी जा रहा है की इस स्टोरेज मे जमा डस्ट मे लोहे का कन पाया जाता है।

# पति के समर्थन में पत्नी पूनम सिन्हा ने महिला कर्मियों से मांगे वोट

**सालानपुर।** आसनसोल लोकसभा से तृणमूल कांग्रेस प्रत्याशी शत्रुघ्न सिन्हा के समर्थन में उनकी पत्नी पूनम सिन्हा ने शनिवार सालानपुर प्रखंड अंतर्गत बासुदेवपुर जेमहारी ग्रामपंचायत के जेमहारी सामुदायिक भवन में तृणमूल कांग्रेस के महिला कमियों के साथ कि बैठक कर मांगे वोट। जहाँ पूनम सिन्हा ने महिलाओं से निवेदन किया कि 13 मई को मतदान केन्द्र में जाकर मतदान कर भारी मतों से पति शत्रुघ्न सिन्हा को जितने की अपील की। उन्होंने ने कहा कि नारी शक्ति की ताकत दिखाना है और नारी शक्ति को मजबूत करने के लिये ममता दीदी की हाथों को मजबूत करेंगे। मेयर बिधान उपाध्याय ने कहा की महिलाओं को आगे आकर राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनजी के




हाथों को मजबूत करना होगा। दिल्ली से कुछ नेता आकर चुनाव के समय भाषण देकर चले जायेंगे पर हम यही है और आप भी इसलिये हमलोग सब मिलकर गरीब विरोधी सरकार के खिलाफ मतदान कर तृणमूल कांग्रेस को जिताएंगे। जहाँ मुख्य रूप से आसनसोल नगर निगम मेयर सह बाराबनी विधायक बिधान उपाध्याय, महिला तृणमूल कांग्रेस की जिला अध्यक्ष असीमा चक्रबती, जिला परिषद कर्मअध्यक्ष मोहम्मद अरमान , महिला तृणमूल कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अपर्णा राय, स्थानीय नेता समेत भारी संख्या में महिला कमी मौजूद रही।

# मेदिनीपुर : भीषण गर्मी को लेकर विद्यासागर विश्वविद्यालय की परीक्षाएं की गई स्थगित

### अधिसूचना के मुताबिक दो और चार मई को होने वाली परीक्षाएं खराब मौसम के कारण स्थगित करने का लिया गया है निर्णय

**मेदिनीपुर।** दक्षिण बंगाल में बढ़ रही गमी को देखते हुए विद्यासागर यूनिवसिटी ने सभी परीक्षाओं को स्थगित करने का फैसला किया है। विश्वविद्यालय की तरफ से एक अधिसूचना जारी कर इसकी घोषणा की गई है। सूत्रों के अनुसार, पिछले कई दिनों से दक्षिण बंगाल में अधिकतम तापमान 45 डिग्री


VIDYASAGAR UNIVERSITY
MIDNAPORE • PASCHIM MEDINIPUR
WEST BENGAL • PIN 721 102
OFFICE OF THE CONTROLLER OF EXAMINATIONS

NOTIFICATION

Owing to prevailing adverse weather conditions, the examinations of UG 1ST SEMESTER, 2023 under CCFUP-NEP and other courses including B.Ed., B.P.Ed., B.F.Sc., 4-Years B.Sc. (Hons) in Agriculture, B.Ed. Special, DOCA and B.VoC. Part-III Exam 2024 scheduled on 02/05/24, 03/05/24 and 04/05/24 have been postponed. The revised dates for these examinations will be notified later on.

The examinations mentioned above which are Scheduled on 06/05/24 and thereon will remain unchanged.

This notification has been issued by the approval of competent authorities.

सेल्सियस से ऊपर है। ऐसे में विद्यासागर यूनिवसिटी ने सभी परीक्षाएं स्थगित करने का फैसला किया है। अधिसूचना के मुताबिक, दो और चार मई को होने वाली परीक्षाएं खराब मौसम के कारण स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। विद्यासागर विश्वविद्यालय के अंतर्गत आने वाले सभी कॉलेजों में उन दो तिथियों की सभी परीक्षाएं फिलहाल रद्द कर दी गई हैं। बी.एड., बी.पी.एड., बी.एफ.एससी., बी.एससी. (ऑनर्स) एग्रीकल्चर, बी.एड. स्पेशल, डीओसीए और तृतीय वर्ष की परीक्षाएं लंबित हैं। उन दो तारीखों पर आयोजित परीक्षाओं की तारीखों की घोषणा अगले नोटिस में की जाएगी। हालांकि छह मई को होने वाली परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। अलीपुर मौसम विभाग के अनुसार, मई के पहले सप्ताह में भी गमी से राहत नहीं मिलेगी। पूरे दक्षिण बंगाल में पांच मई तक लू चल सकती है। रविवार से राज्य के कुछ हिस्सों में बारिश की संभावना है।

## ट्रेन से गिरकर युवक की हुई मौत

**जलपाईगुड़ी।** चलती ट्रेन से गिरकर एक युवक की मौत हो गई है। घटना बुधवार को राजगंज ब्लॉक के आमबाड़ी रेलवे स्टेशन के पास की है। मृतक की शिनाख्त खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई है। बताया गया है कि आज करीब तीन बजे आमबाड़ी-फालाकाटा रेलवे स्टेशन से कुछ दूरी पर रेलवे लाइन पर एक युवक का शव पड़ा मिला। माना जा रहा है कि युवक असम जाने वाली एक्सप्रेस ट्रेन से गिर गया है। सूचना पाकर रेलवे पुलिस और आमबाड़ी चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। जिसके बाद शव को बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मृत युवक की शिनाख्त में जुट गई है।

# कोलकाता : बीएसएफ के सबसे तेज तर्रार अधिकारी सुरजीत सिंह गुलेरिया हुए सेवानिवृत्त

**कोलकाता।** सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के सबसे तेज तर्रार अधिकारी सुरजीत सिंह गुलेरिया आखिरकार 37 सालों की शानदार सेवा के बाद सेवानिवृत हो गए हैं। वे सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) पूवी कमान, कोलकाता के महानिरीक्षक (आपरेशन) के पद पर आखिरी पोस्टिंग के बाद रिटायर हुए हैं। भारत- बांग्लादेश सीमा जहां खून के रिश्ते होने की वजह से तार के बाड़ नहीं हैं, वहां आजादी के बाद से ही लगातार होने वाली मवेशी तस्करी पर अपनी तैनाती के दौरान शानदार तरीके से लगाम लगाने के लिए उनकी सेवा आने वाले सालों तक बीएसएफ अधिकारियों के लिए अनुकरणीय रहेगी। अपने पूरे कायर्काल के दौरान, गुलेरिया ने कश्मीर में आतंकवाद से निपटने से लेकर बांग्लादेश सीमा पर अवैध तस्करी को रोकने और 2001-02 में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन-कोसोवो तक विभिन्न महत्वपूर्ण अभियानों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह 1987 में सहायक कमांडेंट के रूप में बीएसएफ में शामिल हुए और बल में सबसे ईमानदार और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारियों में गिने जाते थे। गुलेरिया की उल्लेखनीय उपलब्धियों में से एक 2019 में बीएसएफ दक्षिण बंगाल सीमान्त में उनकी तैनाती के बाद भारत-बांग्लादेश सीमा पर मवेशी तस्करी पर की जाने वाली सफल कारर्वाइ थी। उनके हस्तक्षेप से पहले, लगभग 70 फीसदी ऐसी अवैध गतिविधियां इस सीमा क्षेत्र से उत्पन्न हुईं, जिससे दोनों देशों पर काफी प्रभाव पड़ा। उनके नेतृत्व में, इन अवैध गतिविधियों पर रोक लगा दी गई, जो सीमा पार अपराधों के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण जीत का संकेत है। उन्होंने मिलीभगत के मामलों में बीएसएफ कमियों की संलिप्तता को भी नजरअंदाज नहीं किया और ऐसे मामलों के खिलाफ सख्त कारर्वाई की। दक्षिण बंगाल सीमा पर मवेशी तस्करी को प्रभावी ढंग से समाप्त किया जाना वर्तमान में भी जारी है। दक्षिण बंगाल सीमांत में डीआइजी (जी) के रूप में उनके कायर्काल के दौरान सक्रिय भागीदारी से काफी मात्रा में सोना, चांदी और अन्य नशीले पदार्थ और प्रतिबंधित वस्तुएं भी जब्त की गईं। गुलेरिया की उत्कृष्ट सेवा को कई पुरस्कारों से सम्मानित किया गया है, जिसमें 2008 में सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक और 2016 में विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक शामिल हैं। वर्ष 2021 में, उन्हें श्रीनगर के हुमामा कैंप में आतंकवादियों के आत्मघाती हमले को विफल करने तथा सफलता पूर्वक दुर्दांत आतंकवादियों को ढेर करने के लिए वीरता के लिए पुलिस पदक (पीएमजी) से सम्मानित किया गया। कर्तव्य के प्रति समर्पण के लिए उन्हें 20 अवसरों पर महानिदेशक के प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया गया। इन उपलब्धियों के अलावा, गुलेरिया को अन्य अनुकरणीय उपलब्धियां भी हासिल की हैं जिनमें 1994 में ईएमई 1 (सेना), सिकंदराबाद में छोटे हथियारों में इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्वर्ण पदक; 1991 में भारत सरकार द्वारा युद्ध कारर्वाई के लिए "घाव पदक" और 2022 में "हैक्स इवेंट" में "41वीं अखिल भारतीय पुलिस घुड़सवारी चैम्पियनशिप" में स्वर्ण पदक शामिल है । एस एस गुलेरिया ने पहले कोलकाता, पश्चिम बंगाल और बिहटा, पटना, बिहार में एनडीआरएफ की दो बटालियनों को स्थापित करने में बहुमूल्य योगदान दिया था। एस.एस.गुलेरिया ने देश भर में कई मानवीय सहायता और आपदा राहत कार्यों का नेतृत्व किया, जैसे चक्रवात-फैलिन, जम्मू और कश्मीर शहरी बाढ़-2014, चक्रवात हुदहुद 2014, और चेन्नई बाढ़-2015 और कई कीमती जिंदगियां बचाईं। राष्ट्रीय सुरक्षा में उनका योगदान और कर्तव्य के प्रति उनका समर्पण बीएसएफ अधिकारियों की भावी पीढ़ियों के लिए प्रेरणा के रूप में काम करेगी।

## आसनसोल : प्रदीप सिंह के नेतृत्व में भाजपा ने निकाली चुनावी रैली



**आसनसोल ।** आसनसोल उत्तर थाना क्षेत्र में धाधका से शनिवार को भाजपा की ओर से एक विशाल चुनावी रैली निकाली गई। रैली का नेतृत्व भाजपा के आसनसोल नॉर्थ ब्लॉक के उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने किया। श्री सिंह ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस से जनता पुरी तरह भयभीत है। इस बार जनता भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए कमर कस चुकी है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से हर तरह की व्यवस्था की गई है। श्री सिंह ने यह भी कहा कि इस बार किसी भी बुथ में आपातकालिन स्थिति नहीं बनने दी जायेगी। यदि कोई शांतिपूर्ण मतदान के दौरान अशांति फैलाने की कोशिश करेगा तो उससे निपटने के लिए भाजपा कार्यकर्ता पुरी तरह से तैयार है।

## ट्रक से लाखों की शराब जब्त, दो गिरफ्तार



**सिलीगुड़ी।** बागडोगरा थाने की पुलिस ने लाखों रुपये की विदेशी शराब से भरी एक ट्रक को जब्त किया है। वहीं, शराब तस्करी के आरोप में ट्रक के चालक और सह चालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के नाम अजय कुमार और जकीरुल इस्लाम है। अजय बिहार और जकीरुल असम का निवासी है। सूत्रों के अनुसार, बागडोगरा थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना पर एक ट्रक को पानीघाटा मोड़ पर रोककर तलाशी ली। तलाशी के दौरान ट्रक के अंदर बने गुप्त चेंबर से लाखों की विदेशी शराब बरामद हुई। जिसके बाद पुलिस ने चालक और सह चालक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, विदेशी शराब को असम से तस्करी कर बिहार ले जायी जा रही थी। बागडोगरा थाने की पुलिस आगे की कारर्वाई में जुट गई है।

# पाइप लाइन नहीं बिछाई गई तो करो या मरो का होगा आंदोलन

**रानीगंज।** ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड के कुनुसतोरिया एरिया अंतर्गत महावीर कोलियरी और ओसीपी में सौर ऊर्जा उत्पादन परियोजना का निर्माण हो रहा है क्षेत्र के पुराने पोखर की भराट कर दी गई है। इस पोखर पर वर्षो से ग्रामीण नहाते थे एवं आस्था की छठ पूजा भी करते थे इसलिए ग्राम वासियों को नाराजगी है कि हमें पानी कहां उपलब्ध होगा लगातार के दिन से ग्रामीण आंदोलन कर रहे हैं वही रानीगंज पुलिस प्रशासन ग्रामीणों को समझा बुझाकर एक बार आंदोलन रुकवा दिया। ठेकेदार ने कहा कि शनिवार आज से पाइपलाइन का काम शुरू होगा एवं ग्रामीणों के लिए पानी की व्यवस्था की जाएगी वहीं शनिवार को ग्रामीणों ने बताया कि अभी तक तो कोई पाइपलाइन का काम शुरू नहीं किया गया है शनिवार की शाम



तक अगर पाइपलाइन का काम नहीं शुरू किया गया तो सोमवार से ग्रामीण सौर ऊर्जा के काम के उत्पादन को बंद कर देंगे करो या मरो का आंदोलन जारी करेंगे।

## कोलकाता में तापमान 40 डिग्री पर पहुंचा, गर्मी बरकरार

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता समेत राज्य के अन्य हिस्सों में पड़ रही भीषण गमी से लोगों का हाल बेहाल है। अलीपुर स्थित मौसम विभाग के क्षेत्रीय मुख्यालय की ओर से शनिवार को जारी बयान में बताया गया है कि सोमवार से पश्चिम बंगाल के मौसम में बदलाव होगा। शनिवार को राजधानी कोलकाता में अधिकतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 39.2 डिग्री सेल्सियस है और न्यूनतम तापमान सामान्य से चार डिग्री अधिक 29.1 डिग्री सेल्सियस है। पिछले कई दिनों से कोलकाता में तापमान 40 डिग्री के पार रह रहा था। कोलकाता के अलावा हावड़ा, हुगली, उत्तर और दक्षिण 24 परगना, पूर्व और पश्चिम मेदिनीपुर, पुरुलिया, बांकुड़ा, झाड़ग्राम, मालदा में तापमान 33 से 43 डिग्री सेल्सियस के बीच बना हुआ है। हालांकि आसमान में बादल छाए हुए हैं इसलिए गरम हवाएं ऊपर नहीं उठ पा रही हैं और उमस भरी गमी से लोग पूरे राज्य में फिलहाल परेशान हैं। उत्तर बंगाल के अलीपुरद्वार, कूचबिहार, जलपाईगुड़ी, दार्जिलिंग और कलिमपोंग में भी इसी तरह का मौसम रहने वाला है।

## बीएसएफ ने सीमा पर बरामद किया 85 लाख का सोना

**कोलकाता।** नदिया जिले से सटी भारत-बांग्लादेश सीमा पर तैनात सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की टीम ने करीब 84 लाख 70 हजार रुपये मूल्य का सोना बरामद किया है। बीएसएफ की ओर से जारी बयान में बताया गया है कि जब इसे बांग्लादेश सीमा की ओर तस्करी की कोशिश हो रही थी तब बीएसएफ के जवानों ने तस्करी की कोशिश को नाकाम किया। जब्त सोने के टुकड़ों का वजन 1161.9 ग्राम है।

